शोध और सेवा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले होंगे सम्मानित

आरयू के दीक्षांत समारोह में 93 टॉपर्स पाएंगे गोल्ड मेडल

एमजेपीआरयू में थर्सडे को हुई कार्य परिषद की बैठक में लिया गया निर्णय

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (6 Nov): रुहेलखंड विश्वविद्यालय प्रशासन 13 नवंबर को होने वाले अपने 23वें दीक्षा समारोह में पूर्व छात्र रहे झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान करेगा. रुवि में गुरुवार को हुई कार्यपरिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया. वहीं, स्नातक-परास्नातक के 93 मेधावियों की सूची भी जारी हुई. इस बार 111 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की जाएगी. छात्रावासों के नाम बदलने और बेस्ट रिसर्चर अवार्ड देने की घोषणा भी की गई.

वीसी की अध्यक्षता में हुई कार्यपरिषद की बैठक .

13	23	93	111	02
नवम्बर को होगा आरयू का दीक्षांत समारोह	वां दीक्षांत समारोह होगा इस बार	मेधावियों की गोल्ड मेडल के लिए जारी हुई लिस्ट	शोधार्थियों को मिलेगी पीएचडी की उपाधि	दिन का समय आपत्तियों को बताने के लिए

की गई घोषणा

रुवि में कुलपति प्रोफेसर केपी सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में कार्य परिषद ने नई परंपरा 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' शुरू करने का फैसला लिया है. इस अवार्ड के तहत शिक्षा, शोध और सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों और पूर्व छात्रों को सम्मानित किया जाएगा. इसी कड़ी में दीक्षा समारोह में रुवि के पूर्व छात्र रहे झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार को यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया जाएगा. कार्य परिषद में उपस्थित लोगों ने कहा कि संतोष गंगवार का रुवि के गठन में अहम योगदान रहा है.

12 बजे तक दर्ज होंगी आपत्तियां

समारोह में 111 शोध छात्रों को उनके शोध की उपाधि प्रदान की जाएगी. विभिन्न विषयों में स्नातक और स्नातकोत्तर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 93 छात्र-छात्राओं को कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल स्वर्ण पदक से सम्मानित करेंगी. मेधावी सूची विद्यार्थियों के रिकार्ड के अनुसार तैयार की गई है. इस पर दो दिनों में आपत्ति दर्ज कराई जा सकेगी, जिसके तहत छात्र-छात्राएं आठ नवंबर को दोपहर 12 बजे तक आपत्ति कर सकते हैं. सूची रुवि की वेबसाइट पर अपलोड है.

मुख्य छात्रावास का नाम बदला

छात्रावासों के नाम बदलने का निर्णय लिया गया. मुख्य छात्रावास का नाम अब 'अरावली छात्रावास', न्यू ब्वायज छात्रावास का 'नीलगिरी छात्रावास' और पीजी छात्रावास का 'मानसरोवर छात्रावास' रखा गया है. इसके अलावा 'बेस्ट रिसर्चर अवार्ड' शुरू करने की भी घोषणा की गई, जिसकी नीति विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नियमों के अनुरूप तैयार की गई है.

विद्यार्थी दे सकेंगे पांचाल संग्रहालय की जानकारी

रुहेलखंड विश्वविद्यालय के सात शिक्षकों की पदोन्नति को मंजूरी दी गई. कृषि संकाय में पदों का सृजन कर नियुक्ति की प्रक्रिया को अनुमोदित किया गया. प्रोफेसर आफ प्रैक्टिस के तहत सात नए शिक्षकों की नियुक्ति को मंजूरी दी गई. इतिहास विभाग में 'एक्सपीरियंशियल लर्निंग ग्रुप' के संचालन की अनुमति भी दी गई. इस समूह से जुड़े छात्र अब विश्वविद्यालय के पांचाल संग्रहालय से सीधे जुड़कर आगंतुकों को जानकारी प्रदान करेंगे. इस दौरान नामित गवर्नर घनश्याम खंडेलवाल, प्रो. रजनी रंजन, कुलसचिव हरिश्चंद, वित्त अधिकारी विनोद कुमार, प्रो. श्याम बिहारी लाल, प्रो. विजय बहादुर यादव, प्रो. विनय ऋषिवाल, डा. रामकेवल, प्रो. उपेंद्र कुमार, डा. विमल कुमार आदि उपस्थित रहे.

BREAKING NEWS
सिटी की ब्रेकिंग न्यूज से रहें रियल टाइम अपडेट
जुड़िए हमारे वाट्सएप चैनल से
Scan करें यह QR code और follow करें हमारा चैनल.

आरयू में 13 तक अवकाश निरस्त

BAREILLY (6 Nov): रुहेलखंड विश्वविद्यालय में 13 नवंबर को आयोजित होने वाले दीक्षा समारोह को देखते हुए आठ और नौ नवंबर को द्वितीय शनिवार व रविवार समेत सभी अवकाशों को निरस्त कर दिया है. कुलसचिव हरीश चंद्र के अनुसार 13 नवंबर तक की अवधि के दौरान अधिकारी, शिक्षक व कर्मचारी की ओर से आवेदित अवकाश स्वीकृत नहीं होंगे. किसी विशेष परिस्थिति में अवकाश की आवश्यकता होने पर कारण सहित जानकारी उपलब्ध करानी होगी. इसके बाद अवकाश की स्वीकृति प्रदान की जा सकती है. ये आदेश एमजेपीआरयू के जिम्मेदारों की तरफ से पहले ही जारी कर दिया गया है ताकि दीक्षांत समारोह की तैयारियां प्रभावित होने न पाएं. इसके लिए पहले से भी तैयारी कर ली गई है.

गोल्ड मेडल पाने वालों की सूची

1-बीएड कालेज-नमिता सिंह-दिगंबर जैन कालेज आफ एजुकेशन, मुरादाबाद

2-बीएलएड-शिल्पी सिंह- उत्कर्ष स्कूल आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलाजी

3-एमएससी फिजिक्स-जयंती-रुवि कैंपस

4-एमएससी एनिमल साइंस-हुदा खान-रुवि कैंपस

5-एमएससी रसायनशास्त्र-ध्रुव देव-रुवि कैंपस

6-एमएससी गणित-अर्जुन सिंह-रुवि कैंपस

7-एमएससी माइक्रोबायोलाजी-विशेक कुमार-रुवि कैंपस

8-बीए वार्षिक-विवेक कटियार-जीएफ कालेज, शाहजहांपुर

9-एमएससी इंडस्ट्रीयल केमिस्ट्री-अभय कांत-लक्ष्य कालेज, बिजनौर

10-बीएससी बायोटेक्नोलाजी-श्वेता सिंह-केसीएमटी

11-बीएससी माइक्रोबायोलाजी-निकेता चौहान-दिशा इंस्टीट्यूट, बिजनौर

12-बीकाम कंप्यूटर-स्नेहा वर्मा-एसएस कालेज, शाहजहांपुर

13-बीकाम फाइनेंशियल सर्विसेस-मंतशा-जेए डिग्री कालेज, बहेड़ी

14-बीकाम फाइनेंस-शुभांगी गुप्ता-एसएस कालेज, शाहजहांपुर

15-बीकाम आनर्स-उज्ज्वल त्यागी-विवेक कालेज, बिजनौर

16-बीबीए-वंशिका मनचंदा-बदायूं इंस्टीट्यूट, बदायूं

17-मास्टर आफ लाइब्रेरी व इन्फोर्मेशन साइंस-शैली सिंह-बरेली कालेज

18-बीकाम वार्षिक-परी ठक्कर-बरेली कालेज

19-एलएलबी-अनुराग शर्मा-रामपुर कालेज, रामपुर

20-एलएलएम-संध्या मिश्रा-रुवि कैंपस

21-एलएलएम-साइबर ला-आशुतोष तिवारी-रुवि कैंपस

22-एलएलएम-ह्यूमन राइट्स व ड्यूटीज-आकृति अग्रवाल-रुवि कैंपस

23-बीए एलएलबी-आरुषी मौर्य-एसआरएमएस

24-एमएड-निकिता जौहरी-केसीएमटी

25-बीएससी गृह विज्ञान-रिया सिंह-कृष्णा कालेज, बिजनौर

26-बीएससी कंप्यूटर-विशाखा-लक्ष्य कालेज, बिजनौर

27-बीएससी आनर्स-शुभांगी चौधरी-विवेक कालेज, बिजनौर

28-बीसीए- प्रगति अग्रवाल-श्रीकृष्णा इंस्टीट्यूट, संभल

29-बैचलर आफ लाइब्रेरी व इन्फोर्मेशन साइंस-जागृति शर्मा-बरेली कालेज

30-बीएससी कृषि आनर्स-खुशी गुप्ता-रंजीत सिंह मेमोरियल कालेज, बिजनौर

31-एमबीए पार्ट टाइम-प्रतिमा दास गुप्ता-रुवि कैंपस

32-एमबीए मार्केटिंग-वुशरा-रुवि कैंपस

33-एमबीए जनरल-शुभ्रा प्रकाश-रुवि कैंपस

34-एमबीए एग्जीक्यूटिव-शबनूर-रुवि कैंपस

35-एमए प्राचीन इतिहास व संस्कृति-प्रतीक्षा सिंह-रुवि कैंपस

36-एमए इकोनामिक्स (परिसर)-प्रियांशी गंगवार-रुवि कैंपस

37-एमए अंग्रेजी (परिसर)-निष्ठा शर्मा-रुवि कैंपस

38-एमए साइकोलाजी (परिसर)-दिव्यांशी शर्मा-रुवि कैंपस

39-एमएसडब्ल्यू-ज्योति चौहान-ग्रामोदय महाविद्यालय, मुरादाबाद

40-एमएड कैंपस-इकरा आजम-रुवि कैंपस

41-एमकाम-शिवांग शर्मा-बरेली कालेज

42-बीएड कैंपस-अदिति मिश्रा-रुवि कैंपस

43-बीफार्मा-मानसी खंडेलवाल-रुवि कैंपस

44-बीटेक (सीएसआइटी)-सुरेंद्र-रुवि कैंपस

45-बीटेक (केमिकल इंजीनियरिंग)-हर्षित पांडे-रुवि कैंपस

46-बीटेक (ईई)-सोनिका वार्ष्णेय-रुवि कैंपस

47-बीटेक (ईसी)-सक्षम पांडे-रुवि कैंपस

48-बीटेक (एमई)-विवेक कुमार-रुवि कैंपस

49-एमए शिक्षा-सत्यम गंगवार-सरदार वल्लभ भाई पटेल डिग्री कालेज, भोजीपुरा

50-एमए उर्दू-सबा नाज-हिंदू कालेज, मुरादाबाद

51-एमए फिलासफी-स्मिता-केदार नाथ गिरधारी लाल खत्री कालेज, मुरादाबाद

52-एमए इकोनामिक्स-आदित्य कुमार शर्मा--बरेली कालेज

53-एमए गणित-शुभांजली-वर्धमान कालेज, बिजनौर

54-एमए राजनीति विज्ञान-अश्वनी चौधरी-हिंदू कालेज

55-एमए इतिहास-काकुल सिंह-बरेली कालेज

56-एमए अंग्रेजी-याचना वार्ष्णेय-नवल किशोर कालेज, चंदौसी

57-एमए संस्कृत-हर्षी-हिंदू कालेज

58-एमएससी पर्यावरण विज्ञान-सुमित शर्मा-बरेली कालेज

59-एमएससी जूलाजी-कौशिकी रुहेला-केसीएमटी

60-बीएचएमसीटी-एंटोनियो जैकब-रुवि कैंपस

61-एमए उर्दू एनईपी-अंसारी फरीदा-रानी भाग्यवती देवी महिला कालेज, बिजनौर

62-एमए समाजशास्त्र एनईपी-राधिका शर्मा-नेहरू मेमोरियल कालेज, बदायूं

63-एमए संस्कृत एनईपी-ख्याति-हिंदू कालेज

64-एमए राजनीति विज्ञान एनईपी-अभिलाषा यादव-राजकीय कालेज, बदायूं

65-एमए साइकोलाजी एनईपी-दिव्यांशी त्रिगुना-जगदीश सरन हिंदू पीजी कालेज, अमरोहा

66-एमए म्यूजिक वोकल एनईपी-श्रृष्टि-साहू राम स्वरूप महिला महाविद्यालय

67-एमए गृह विज्ञान(सामान्य) एनईपी-रूमाना कुरैशी-जवाहर लाल लोधी डिग्री कालेज, आंवला

68-एमए इतिहास एनईपी-अंशिका कटियार-राजकीय कालेज, पीलीभीत

69-एमए हिंदी एनईपी-प्रद्युमन कुमार-एसएस कालेज, शाहजहांपुर

70-एमए भूगोल एनईपी-नंदिनी दत्त भारद्वाज-नेहरू मेमोरियल कालेज, बदायूं

71 -एमए अंग्रेजी एनईपी-ऐश्वर्या प्रभा-जगदीश सरन हिंदू पीजी कालेज

72-एमए इकोनामिक्स एनईपी-गौसिया नूर-उपाधि कालेज, पीलीभीत

73-एमए ड्राइंग व पेंटिंग एनईपी-पलक गंगवार-जवाहर लाल लोधी डिग्री कालेज, आंवला

74-एमए डिफेंस व स्ट्रेटिजी स्टडी एनईपी-मुस्कान यादव-बरेली कालेज

75-एमए समाजशास्त्र-अस्मिता पांडे-गौरीशंकर कालेज, आंवला

76-एमसीए-खुशनुमा-रुवि कैंपस

77-एमबीबीएस-स्पर्श सूरी-एसआरएमएस

78-बीपीएड-नरेंद्र सिंह कन्याल-आरपी डिग्री कालेज, मीरगंज

79-एमएससी होम साइंस एनईपी-प्रतीक्षा गंगवार-जेपीएम कालेज, मीरगंज

80-एमएससी होम साइंस (सामान्य) एनईपी-प्रांजल सक्सेना-केसीएमटी

81-एमएससी होम साइंस (ह्यूमन डेवलपमेंट) एनईपी-प्रियांशी सिन्हा-पुष्प इंस्टीट्यूट, पीलीभीत

82-एमएससी बायोटेक्नोलाजी-हुमा-केसीएमटी

83-एमएससी फिजिक्स-कविशा चौधरी-वर्धमान कालेज, बिजनौर

84-एमएससी केमिस्ट्री कालेज एनईपी-शिवम गंगवार-बरेली कालेज

85-एमएससी वाटनी कालेज एनईपी-अक्षत वर्मा-एसएस कालेज, शाहजहांपुर

86-एमएससी गणित कालेज एनईपी-मुस्तकीम-केसीएमटी

87-बीएससी एनईपी-रुद्रांश त्रिवेदी-एसएस कालेज, शाहजहांपुर

88-बीकाम एनईपी-श्रेया खंडेलवाल-लक्ष्य अकेडमी आफ हायर स्टडीज, पीलीभीत

89-बीए एनईपी-रितिका-श्रीमद दयानंद कन्या गुरुकुल कालेज, अमरोहा

90-एमए एजुकेशन एनईपी-सिम्मी रुहेला-डा. राम बहादुर सिंह मेमोरियल कालेज, रामपुर

91-एमकाम एनईपी-कोपल शर्मा-पृथ्वीराज चौहान इंस्टीट्यूट, बिजनौर

92-एमए हिंदी-पूर्णिमा चौरसिया-गन्ना कृषक कालेज, पीलीभीत

93-एमएससी प्लांट साइंस (वाटनी)-तारुषि-रुवि कैंपस